वाहनों की खुदरा बिक्री ने बनाया रिकॉर्ड

जुलाई में कुल 25.91 लाख वाहनों की बिक्री, सालाना आधार पर 25.89 प्रतिशत की बढ़ोतरी

- दुपहिया वाहनों की बिक्री 18.18 लाख इकाई पहुंची
- निर्माण उपकरणों की बिक्री में 46 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली, 6 अगस्त देश में वाहनों की खुदरा बिक्री में पिछले वर्ष सितंबर से शुरू हुई तेजी जुलाई में भी जारी रही.

वाहन डीलरों के महासंघ की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2026 में देशभर में कुल 25,91,138 वाहनों की बिक्री हुई. यह पिछले वर्ष जुलाई में हुई बिक्री के मुकाबले 25.89 प्रतिशत अधिक है. हालांकि, जून 2026 में 25,95,262 वाहनों की बिक्री की तुलना में जुलाई में मामूली कमी दर्ज की गई वाहन डीलरों के महासंघ के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बताया कि यह पहली बार है जब यात्री वाहन, दुपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहन, ट्रैक्टर और निर्माण उपकरण—सभी श्रेणियों में जुलाई की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया है. उन्होंने कहा कि जनवरी 2014 से अब तक के 151 महीनों में कुल बिक्री के लिहाज से जुलाई 2026 देश में 12वें स्थान पर रहा. इससे अधिक बिक्री वाले सभी महीने प्रमुख त्योहारों के दौरान रहे हैं. वाहनों के पंजीकरण के आधार पर जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यात्री वाहनों यानी कार, उपयोगी वाहन और वैन की बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 4,16,555 इकाई हो गई.

दुपहिया वाहनों की बिक्री में जुलाई के दौरान 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और कुल 18,18,289 दुपहिया वाहन बिके. महानगरों और शहरों में दुपहिया वाहनों की बिक्री में महीने-दर-महीने आधार पर 5.04 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री 6.16 प्रतिशत घट गई. साई गिरिधर के अनुसार, पश्चिमी और मध्य भारत में अनियमित बारिश तथा बाढ़ की स्थिति और अधिक मास के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दुपहिया वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई.

> वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री जुलाई में 24 प्रतिशत बढ़कर 99,666 इकाई हो गई. परिवहन और व्यावसायिक गतिविधियों में बढ़ोतरी को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है. तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई. जुलाई में इनकी बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 1,33,778 इकाई रही. ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था से जुड़े ट्रैक्टरों की बिक्री में भी तेजी देखी गई.

सेंसेक्स बढ़ा, निफ्टी में भी मामूली तेजी

मुंबई, 6 अगस्त. घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को हल्की तेजी दर्ज की गई. सकारात्मक वैश्विक संकेतों और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी के समर्थन से प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए. हालांकि, कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला और निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाए रखा.

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 373.76 अंक यानी करीब 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,954.76 अंक पर बंद हुआ. वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.35 अंक की मामूली तेजी के साथ 24,636 अंक के स्तर पर पहुंच गया.बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशकों की नजर वैश्विक बाजारों के रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजों और घरेलू आर्थिक संकेतकों पर बनी हुई है. विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और रुपये की चाल का असर भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रहा है.कारोबार के दौरान बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और कुछ प्रमुख औद्योगिक कंपनियों के शेयरों में खरीदारी देखी गई. दूसरी ओर, कुछ क्षेत्रों में मुनाफावसूली के कारण बाजार की तेजी सीमित रही. छोटे और मध्यम कंपनियों के शेयरों में भी मिला-जुला रुख देखने को मिला.

एलआईसी को शेयर में बड़ा लाभ

82 करोड़ से बिके शेयर

32 करोड़ की राशि जुटाई

नई दिल्ली, 6 अगस्त केंद्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयर बिक्री प्रस्ताव के माध्यम से 31,552 करोड़ रुपये जुटाए हैं. सरकार का यह अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक शेयर बिक्री प्रस्ताव रहा है.

खुदरा और संस्थागत निवेशकों की मजबूत भागीदारी के बाद यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई. निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव ने बताया कि शेयर बिक्री प्रस्ताव दोनों दिनों में अधिक अभिदान वाला रहा. निवेशकों की बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने अतिरिक्त बिक्री विकल्प का भी पूरा इस्तेमाल किया. एलआईसी में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़कर 10 प्रतिशत शेयर बिक्री प्रस्ताव पूरा होने के बाद भारतीय जीवन बीमा निगम में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है. इसके साथ ही सूचीबद्ध कंपनियों के लिए निर्धारित न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी के नियमों का लक्ष्य तय समय से पहले हासिल कर लिया गया है. सरकार के अनुसार, इस प्रक्रिया के तहत 82,23,33,558 शेयरों का आवंटन किया गया.

करंदलाजे ने की एमएसएमई रिपोर्ट जारी

देशभर के 27,000 से अधिक पंजीकृत एमएसएमई शामिल

नई दिल्ली, 6 अगस्त. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) राज्य मंत्री तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार को इंडिया एसएमई फोरम (आईएसएफ) की रिपोर्ट 'डिजिटल भारत: इंडिया डिजिटल प्रोक्योरमेंट रिपोर्ट 2026' जारी की.

यह रिपोर्ट देश में एमएसएमई क्षेत्र की खरीद प्रणाली और डिजिटल अपनाने की प्रवृत्ति पर अब तक के सबसे व्यापक अध्ययनों में से एक है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एमएसएमई खरीद अर्थव्यवस्था का अनुमानित आकार 124.9 लाख करोड़ रुपये है, जो देश के सबसे बड़े व्यावसायिक व्यय क्षेत्रों में से एक है. अध्ययन में विनिर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्र के 27,000 से अधिक एमएसएमई को शामिल किया गया. सर्वेक्षण में शामिल सेवाओं के मूल्यांकन में अमेज़न बिजनेस को मूल्य पारदर्शिता के मामले में सबसे आगे पाया गया. 37.3 प्रतिशत प्रतिभागियों ने इसे अपनी पहली पसंद बताया. वहीं, आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता के मामले में भी 32.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसे सर्वश्रेष्ठ मंच माना. औद्योगिक खरीद और एम्बेडेड फाइनेंस के क्षेत्र में मोग्लिक्स अग्रणी रहा. रिपोर्ट जारी करते हुए शोभा करंदलाजे ने कहा कि भारत के एमएसएमई विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

सुरक्षित डिजिटल भारत के लिए सरकार ने उठाए कई कदम

नई दिल्ली, 6 अगस्त इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि सरकार देश में सुरक्षित, समावेशी और भरोसेमंद डिजिटल वातावरण तैयार करने के लिए डिजिटल ढांचे, साइबर सुरक्षा, आंकड़ों की सुरक्षा और इंटरनेट संपर्क को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है.

उन्होंने कहा कि डिजिटल भारत कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीक को आम नागरिकों तक पहुंचाना, उन्हें सशक्त बनाना और सरकारी सेवाओं की आसान डिजिटल उपलब्धता सुनिश्चित करना है. उन्होंने यह जानकारी 5 अगस्त 2026 को लोकसभा में दी. सरकार ने जुलाई 2015 में डिजिटल भारत कार्यक्रम शुरू किया था. इसके तीन प्रमुख लक्ष्य डिजिटल ढांचे को मजबूत करना, सरकारी सेवाओं की डिजिटल उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा डिजिटल साक्षरता और रोजगार के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना हैं. देश में दूरसंचार और इंटरनेट सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है. मार्च 2014 में देश में कुल 93.3 करोड़ दूरभाष संपर्क थे, जो मार्च 2026 तक बढ़कर 133 करोड़ से अधिक हो गए. इसी अवधि में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या 25.15 करोड़ से बढ़कर 109.27 करोड़ हो गई. भारतनेट जैसी योजनाओं के जरिए गांवों और दूरदराज के इलाकों तक तेज इंटरनेट पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

109.27	55.49	10.372	80,472
करोड़ रुपये मार्च 2026 तक इंटरनेट ग्राहक हुए	करोड़ लोग और 6.5 करोड़ व्यापारी भी जुड़े	करोड़ रूपए का प्रावधान रखा है कृत्रिम बुद्धिमत्ता में	ग्राम पंचायतों में भारतनेट सेवा आरंभ हो चुकी है

अब तक देश में आधार संख्या

देश में 1.44 अरब से अधिक आधार संख्या जारी की जा चुकी हैं. आधार से जुड़े प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए 56 मंत्रालयों की 318 योजनाओं के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है. अब तक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 52 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अंतरण किया जा चुका है. एकीकृत भुगतान अंतरफलक यानी यूपीआई से 55.49 करोड़ से अधिक लोग और 6.5 करोड़ व्यापारी जुड़े हैं. इसके मंच पर 731 बैंक जुड़े हुए हैं. सरकार के अनुसार, यूपीआई भारत के करीब 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान और दुनिया के लगभग 50 प्रतिशत वास्तविक समय वाले डिजिटल भुगतानों को सहायता देता है.

सोने में उछाल, चांदी के दाम गिरे

नई दिल्ली. सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को अलग-अलग रुख देखने को मिला. अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में सोने के भाव में तेजी दर्ज की गई, जबकि चांदी की कीमतों में गिरावट आई. निवेशकों की नजर वैश्विक बाजारों की गतिविधियों और कीमती धातुओं की मांग पर बनी हुई है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने की कीमत में बढ़त देखी गई. सुबह करीब 9 बजे सोना 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,325 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया. चांदी की कीमत 0.12 प्रतिशत गिरकर 62.215 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती नजर आई.

कोटक महिंद्रा बैंक मामले में ईडी की कार्रवाई

ईडी ने 12.85 करोड़ रुपये के बैंक शेष और 118.28 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की

> आरोप है कि इन खातों को पंचकूला नगर निगम के नाम पर फर्जी दस्तावेजों और अनुमतियों के आधार पर खोला गया. फर्जी अनुमति पत्रों के जरिए धन इन खातों में स्थानांतरित किया गया. कई खातों में भेजी गई धनराशि जांच में सामने आया कि फर्जी खातों में पहुंची राशि को आगे राजत दहड़ा, स्वाति तोमर, कपिल कुमार, विनोद कुमार और सोनिया समेत कई लोगों के खातों में भेजा गया.

चंडीगढ़, 6 अगस्त. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े पंचकूला नगर निगम कथित धन घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने मामले में 131 करोड़ रुपये की संपत्तियां और बैंक राशि जब्त की है.

साथ ही नौ आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है. ईडी के अनुसार, जब्त की गई संपत्तियों में 12.85 करोड़ रुपये की बैंक राशि और 118.28 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां शामिल हैं. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्राथमिकी के आधार पर जांच इस मामले की जांच हरियाणा के पंचकूला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी. प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि अज्ञात बैंक अधिकारियों के साथ आपराधिक साजिश कर पंचकूला नगर निगम के धन का गबन किया गया. फर्जी दस्तावेजों से खोले गए खाते ईडी की जांच के अनुसार, कोटक महिंद्रा बैंक के तत्कालीन उपाध्यक्ष पुष्पिंदर सिंह ने पंचकूला नगर निगम के अधिकारी विकास कौशिक और बैंक कर्मचारी दिलीप राघव के साथ मिलकर कथित रूप से दो फर्जी बैंक खाते खोले.

इसके अलावा एसके एग्रोटेक और एसके एग्रोफर्म जैसी संस्थाओं के माध्यम से धन का लेन-देन कर कथित रूप से अपराध से प्राप्त राशि के स्रोत को छिपाने का प्रयास किया गया. बैंक अधिकारी की भूमिका की भी जांच ईडी इस मामले में कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी सतीश कुमार की संभावित भूमिका की भी जांच कर रही है. जांच एजेंसी के अनुसार, फर्जी खातों और नगर निगम के वास्तविक खातों से जुड़े मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी में भी बदलाव किए गए थे.

पहली तिमाही में मुनाफा 22 फीसदी बढ़ा

मुंबई. टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में समेकित आधार पर 518 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ जो सालाना आधार पर 22 प्रश अधिक है. कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक के बाद गुरुवार को वित्तीय परिणामों की घोषणा की गयी. तिमाही के दौरान परिचालन से कंपनी को 5,755 करोड़ रुपये की आमदनी हुई. यह पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 18 प्रश अधिक है.

कौशल भारत मिशन से युवाओं को नई दिशा

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1.11 करोड़ उम्मीदवार प्रमाणित

नई दिल्ली, 6 अगस्त देश के युवाओं को बदलती तकनीक और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकार कौशल विकास पर विशेष जोर दे रही है.

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत संचालित कौशल भारत मिशन के माध्यम से युवाओं को कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना और शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के नेटवर्क का उपयोग किया जा रहा है. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 643.77 करोड़ रु., 2022-23 में 305.46 करोड़ रु., 2023-24 में 839.18 करोड़ रु., 2024-25 में 1,553.13 करोड़ रु. और 2025-26 में 279.30 करोड़ रुपये जारी किए गए. जन शिक्षण संस्थान के तहत इसी अवधि में क्रमशः 137.63 करोड़, 154.65 करोड़, 154.37 करोड़, 139.55 करोड़ और 148.23 करोड़ रु. जारी हुए. राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना के तहत क्रमशः 177.07 करोड़, 309.03 करोड़, 594.30 करोड़, 585.96 करोड़ और 577.03 करोड़ रु.जारी किए गए.

> प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के पहले, दूसरे और तीसरे चरण के अल्पकालिक प्रशिक्षण के तहत वित्त वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक कुल 1.11 करोड़ उम्मीदवार प्रमाणित हुए. इनमें से 24.38 लाख उम्मीदवारों को योजना के अल्पकालिक प्रशिक्षण के तहत नियोजन मिला. योजना के चौथे चरण में युवाओं को अलग-अलग रोजगार और करियर विकल्पों की जानकारी देकर उनकी रुचि तथा क्षमता के अनुसार प्रशिक्षण देने पर जोर दिया जा रहा है.

समाचार विशेष

सज्जाद लोन को त्रेहगाम में चुनौती

श्रीनगर. हुर्रियत के पूर्व नेता बिलाल गनी लोन ने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र त्रेहगाम से अगला विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया है.

इसके साथ ही उन्होंने अपने भाई और पीपल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद लोन को सीधी और कड़ी चुनौती देने का ऐलान किया है, जो उसी जिले के हंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से चुने गए विधायक हैं. बिलाल गनी लोन ने त्रेहगाम गांव में आयोजित एक जनसभा के दौरान मुख्यधारा की चुनावी राजनीति में आने का खुला संकेत दिया. त्रेहगाम गांव जेकेएलएफ के संस्थापक और पहले आतंकवादी कमांडर मकबूल भट का गृहनगर है, जिसे 11 फरवरी 1984 को तिहाड़ जेल में फांसी दी गई थी. उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के करालपोरा इलाके में अपने पैतृक गांव दर्द हरई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिलाल ने कहा कि बदलते राजनीतिक माहौल में नेताओं के लिए ईमानदारी और जनसेवा बनाए रखना जरूरी है. सच्चाई, ईमानदारी और जवाबदेही पर आधारित राजनीति के लिए जनता का समर्थन मांगते हुए, लोन ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा जनसेवा और पारदर्शी नेतृत्व पर केंद्रित रहेगी. अपने दिवंगत पिता अब्दुल गनी लोन की सलाह को याद करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति को हमेशा सेवा और समर्पण के रूप में देखा जाना चाहिए.

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, **Johar Ali Jaorawala, S/o Abbas Jaorawala**, Resident of 72 Chandni Chowk, Ratlam Madhya Pradesh 457001, have changed my name from **Johar Ali to Johar Ali Jaorawala**. Henceforth, I shall be known and recognized as **Johar Ali Jaorawala** in all Government, Passport, and other official records and documents.

Johar Ali Jaorawala
72, Chandi Chowk, Ratlam
Madhya Pradesh 457001

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार राय पिता श्री अजित कुमार राय, श्रीमती संध्या पति स्व. श्री सुनील कुमार राय, श्रीमती हेमलता पति स्व. श्री पवन कुमार राय, राजश्री राय जायसवाल पति श्री अमित कुमार जायसवाल, श्रीमती अनीता शिवहरे पति श्री दयाराम शिवहरे, श्री वैभव राय एवं वेदांत राय पिता श्री पवन राय के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति भूखण्ड क्रमांक बी 488 सिलिकॉन सिटी सेक्टर बी ग्राम निहालपुर मुण्डी तहसील व जिला इंदौर पर स्थित है। मुलतः सदर संपत्ति श्री अजित कुमार राय पिता स्व. श्री प्रेमचंद राय एवं श्रीमती शारदा राय पति श्री अजित कुमार राय के द्वारा क्रय कर प्राप्त की गई थी। तत्पश्चात इन दोनों का स्वर्गवास होकर उक्त संपत्ति राजश्री जायसवाल एवं अनिता शिवहारे, श्री राजेश कुमार राय, सुनील राय, पवन राय, जयश्री राय को प्राप्त हुई इसके पश्चात श्री सुनील राय, पवन राय, जयश्री राय की मृत्यु होने से उनके वारिस श्रीमती संध्या राय पति श्री सुनिल राय एवं श्रीमती हेमलता पति श्री पवन राय, श्री वेदांत राय एवं श्री वैभव राय पिता श्री पवन राय को उपरोक्त की मृत्यु उपरांत उनके वारिस नाते प्राप्त हुई है। सदर संपत्ति को उपरोक्त स्वामी द्वारा मेरे क्रेता पक्षकर को विक्रेय करने का अनुबंध किया गया है सदर क्रेता उपरोक्त संपत्ति को मेरी पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। अतः सदर संपत्ति एवं वारिस बाबद किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या उरि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में मय लेखी दस्तावेजो प्रमाण हमें सूचित करे अन्यथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति मान्य योग्य नहीं होगी।

आर. सी. बड़जात्या
फ्लेट नं.1, स्टेट बैंक अभिलाषा सोसायटी
23/2 मनोरमागंज. इंदौर (म.प्र.)
मो. नं. 9425052001

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(जनकार्य विभाग)
ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 60/सिविल/26-27/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-10 तक

निविदा आमंत्रण

दिनांक: 04.08.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	टेंडर क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	2026_UAD_526821_1	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 14 के अन्तर्गत ओम विहार गेट के पास की गली तक क्षतिग्रस्त रोड का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (पार्षद निधि)	180 दिवस ₹26,33,225/-	₹5,000/- ₹19,800/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
02	2026_UAD_526823_1	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अन्तर्गत लाला का बगीचा कबूतर चौक से डोंगरे पाईण्ट तक एवं विभिन्न गलियों में क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सीमेन्ट कांक्रीट रोड का निर्माण करना। (पार्षद निधि)	180 दिवस ₹28,31,166/-	₹5,000/- ₹21,300/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
03	2026_UAD_526827_1	झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 19 के अन्तर्गत गणेश धाम कॉलोनी गली नं. 07 में मिश्राजी के घर से सोनू रायडर जी के घर तक सड़क का सिमेन्टीकरण करना एवं वार्ड में अन्य क्षतिग्रस्त कांक्रीट पेनल पर पार्षद निधि से कांक्रीट पेनलिंग करना।	180 दिवस ₹29,45,010/-	₹5,000/- ₹22,100/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
04	2026_UAD_526828_1	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 के अन्तर्गत अनारबाग का मुख्य मार्ग व क्रॉस गलिया, नाहर शाह नगर की क्रॉस गलिया, बड़ला के पास स्थित मार्ग व अन्य आवश्यक स्थानों पर सीमेन्ट कांक्रीट करना। (पार्षद निधि)	180 दिवस ₹36,77,968/-	₹5,000/- ₹27,600/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
05	2026_UAD_526831_1	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अन्तर्गत दुबे का बगीचा स्थित सार्वजनिक व्यायामशाला क्षतिग्रस्त होने से आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्य करना। (पार्षद निधि)	120 दिवस ₹12,19,178/-	₹2,000/- ₹9,200/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
06	2026_UAD_526832_1	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 25 के अन्तर्गत नंदा नगर रोड नम्बर 17 स्थित शा. विद्यालय क्र 32 में सुरक्षा दृष्टि से टीन शेड लगाना एवं अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना।	120 दिवस ₹13,42,277/-	₹2,000/- ₹10,000/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
07	2026_UAD_526834_1	झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 35 के अन्तर्गत भानगढ़ से शक्करखेड़ी रोड पर कीचड़ समस्या समाधान हेतु मुरम चुरी डालना।	120 दिवस ₹18,95,394/-	₹2,000/- ₹14,300/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
08	2026_UAD_526836_1	झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 39 के अन्तर्गत मेजेस्टिक नगर (सलीम इंजीनियर साहब के सामने से कादर कॉलोनी मस्जिद तक) एवं सायरा नगर आयना फार्म हाउस के पीछे वाली गली में पार्षद निधि से सिमेन्टीकरण करना।	120 दिवस ₹18,28,924/-	₹2,000/- ₹13,800/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
09	2026_UAD_526838_1	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अन्तर्गत विजयश्री नगर में तेजाजी महाराज मंदिर के आसपास सांवरिया डेरी के सामने एवं अन्य गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (पार्षद निधि)	180 दिवस ₹29,97,736/-	₹5,000/- ₹22,500/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026
10	2026_UAD_527028_1	झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 81 के अन्तर्गत चाणक्यपुरी चौराहा दधिची प्रतिमा से रेलवे पटरी तक ब्रीज के साईड से सर्विस रोड का सिमेन्टीकरण करना।	240 दिवस ₹56,65,799/-	₹10,000/- ₹42,500/-	07-09-2026 6.00 PM 09-09-2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDAL0720260064 — दिनांक 30.07.2026

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियो का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- पंचडेरिया तहसील-सांवेर, जिला-इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

अ क्र	कालोनाईजर का नाम व पता	स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है	धरोहर के रुप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण
1	2	3	4
1	भूमिस्वामी 1. श्री लाजपतराय चौपडा पिता श्री किशनदास उर्फ किशपलाल चौपडा 2. श्री संजय चौपडा पिता श्री लाजपतराय चौपडा 3. श्री रोहन चोपड़ा पिता श्री लाजपतराय चौपडा तर्फे विकासकर्ता मेसर्स फेंटेसी रियल इस्टेट्स प्रा. लि. तर्फे डायरेक्टर 1. श्री आशीष बांगर पिता श्री पूनमचंद बांगर 2. श्री तमीम नादिर पिता हुसैन नादिर 3. श्री भारत भोर पिता श्री प्रदीप भोर पता:-6 टी. मंजिल, ट्रेजर आईलेंड, 11 तुकोगंज मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) **कॉलोनी का नाम** "TREASURE PARK PHASE-5"	ग्राम पंचडेरिया, तहसील-सांवेर, जिला-इंदौर (म.प्र.) स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 11/1/1/1 रकबा 0.800 हे., सर्वे क्रमांक 11/1/1/2 रकबा 1.691 हे. सर्वे क्रमांक 11/1/1/3 रकबा 1.691 है. कुल रकबा 4.182 हे, भूमि पर।	बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17522026A100813439 इंदौर दिनांक 02.07.2026 से भूखण्ड क्र. TP5R-1 to TP5R-5, TP5R-7 to TP5R-26, TP5R-29 to TP5R-32, TP5R-34 to TP5R-43, TP5R-46 to TP5R-47, TP5R-49, TP5R-50, TP5R-54, TP5R-55, TP5R-58, TP5R-61 to TP5R-63, TP5R-67, TP5R-73 to TP5R-77, TP5R-95, TP5R-98, TP5R-101, TP5R-116, TP5R-117 इस प्रकार कुल 60 भूखण्ड है जिसका कुल क्षेत्रफल 6517.06 वर्गमीटर, बंधक रखे गए है।

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 60 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रुप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भुखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(सक्षम प्राधिकारी एवं कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

अपर कलेक्टर
जिला इन्दौर म.प्र.

कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDAL0720260063 — दिनांक 30.07.2026

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियो का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- पंचडेरिया तहसील-सांवेर, जिला-इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

अ क्र	कालोनाईजर का नाम व पता	स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है	धरोहर के रुप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण
1	2	3	4
1	भूमिस्वामी 1. श्री रघुवीरसिंह पिता श्री मोहनलाल कुमावत 2. श्री अर्जुन पिता श्री मोहनलाल कुमावत 3. श्रीमती लताबाई पति श्री लाजपतराय चौपडा तर्फे विकासकर्ता मेसर्स फेंटेसी रियल इस्टेट्स प्रा. लि. तर्फे डायरेक्टर 1. श्री आशीष बांगर पिता श्री पूनमचंद बांगर 2. श्री तमीम नादिर पिता हुसैन नादिर 3. श्री भारत भोर पिता श्री प्रदीप भोर पता:-6 टी. मंजिल, ट्रेजर आईलेंड, 11, तुकोगंज मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) **कॉलोनी का नाम** "TREASURE PARK PHASE-6"	ग्राम-पंचडेरिया, तहसील-सांवेर, जिला-इंदौर (म.प्र.) स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 12/1 रकबा 3.205 हे., सर्वे क्रमांक 12/2/2/1 रकबा 0.800 हे. कुल रकबा 4.005 हे, भूमि पर	बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17522026A 100813383 इंदौर दिनांक 02.07.2026 से भूखण्ड क्र. TP6R-3, TP6R-4, TP6R-5, TP6R-6, TP6R- 10, TP6R-11, TP6R-12, TP6R-16, TP6R-17, TP6R-22, TP6R-34, TP6R- 35,TP6R-36, TP6R-38, TP6R-61, TP6R-71, TP6R-72, TP6R-84, TP6R- 95, TP6R-96, TP6R-112, TP6R-113, TP6R-114, TP6R-115, TP6R-116, TP6R-118, TP6R-122, TP6R-127, TP6R-128, TP6R-129, TP6R-135, TP6R-136, TP6R-140, TP6R-145, TP6R-149, TP6R-156, TP6R-157, TP6R-159, TP6R-160, TP6R-162 to TP6R-169, TP6R-172 to TP6R-178 तक इस प्रकार कुल 54 भूखण्ड है जिसका कुल क्षेत्रफल 5715.59 वर्गमीटर, बंधक रखे गए है।

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 54 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रुप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त